झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

4 May 2023

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK

JSSC | DEFENCE - ARMY

CAPF | POLICE | Other Competitive Exam

Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com

Daily Current Affairs Booster

Contact : 8084818282, 9113365645

# Daily Current Affairs

Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 4 मई का इतिहास

- **1854 :** भारत का पहला डाक टिकट आधिकारिक रूप से जारी किया गया।
- **1818 :** नीदरलैंड और ब्रिटेन ने गैरकानूनी दास व्यापार के खिलाफ समझौता किया।
- **1959 :** पहला ग्रेमी अवॉर्ड्स आयोजित हुआ।
- **1983 :** चीन ने परमाणु परीक्षण किया।
- **1799 :** मैसूर राज्य का शासक टीपू सुल्तान का निधन हुआ।
- **1989 :** अमेरिकी अंतरिक्ष यान एफटीएस-30 का प्रक्षेपण हुआ।

## 4 मई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- नासा के वैज्ञानिकों ने सिम्युलेटेड चंद्रमा धूल से वैक्यूम वातावरण में ऑक्सीजन निकालने में सफलता हासिल की है, जो भविष्य में चंद्रमा पर मानव कॉलोनियों के लिए मार्गदर्शन बन सकती हैं। चंद्रमा धूल से ऑक्सीजन निकालने की क्षमता अंतरिक्ष यातायात के लिए प्रोपेलेंट के रूप में उपयोग किया जा सकता है ओर अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए विमान यात्रा के लिए उपयोगी हो सकता है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने महामारी की तैयारी में सुधार के लिए एक नई पहल PRET शुरू की है। इसका उद्देश्य इन्फ्लूएंजा या कोरोनावायरस जैसे किि भी श्वसन रोगजनक का जवाब देने के लिए एकीकृत योजना पर मार्गदर्शन, देशों को भविष्य की महामारियों हेतु बेहतर तरीके से तैयार करने में मदद करना है। वर्तमान में यह श्वसन वायरस पर ध्यान केंद्रित करेगी, लेकिन जल्द ही रोगजनकों के अन्य समूहों को इसमें शामिल किया जाएगा। PRET विशिष्ट रोगों पर ध्यान केंद्रित करने की बजाय ट्रांसमिशन लेंस के एक मोड के जरिये महामारी की तैयारी के लिए एक विकसित दृष्टिकोण है।
- सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय उद्यानों या वन्यजीव अभ्यारण्यों के आसपास पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्र बनाए रखने के अपने आदेश में संशोधन किया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने संशोधित आदेश में ईएसजेड के भीतर विकास और निर्माण गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध हटा दिया। आदेश जस्टिस बी आर गवई, विक्रम नाथ और संजय करोल की बेंच ने जारी किया।
- रेल विकास निगम लिमिटेड को नवरत्न का दर्जा मिला है। अब निगम के पास निवेश संयुक्त उद्यम निर्माण और अन्य वित्तीय निर्णयों के मामले में अधिक स्वायत्तता होगी। रेल मंत्रालय के तहत आरवीएनएल एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है और यह सीपीएसई में 13वां नवरत्न होगा।
- आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने नगर सौंदर्य प्रतियोगिता पोर्टल लॉन्च किया। देश के शहरी स्थानीय निकाय ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से इस प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सुंदर, नवाचारी और समावेशी सार्वजनिक स्थलों का निर्माण करने के लिए देश के नगरों और वार्डो द्वारा किए गए परिवर्तनकारी प्रयासों को प्रोत्साहित करना और उन्हें मान्यता देना है।
- भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास का 7वां संस्करण ब्रिटेन के सैलिसबरी मैदान में आयोजित किया जा रहा है। अभ्यास अजेय वारियर-23, 27 अप्रैल से 11 मई 2023 तक आयोजित किया जा रहा है। ब्रिटेन के 2 रॉयल गोरखा राइफल्स के सैनिक और बिहार रेजिमेंट के भारतीय सेना के जवान अभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं। अभ्यास का उद्देश्य सकारात्मक सैन्य संबंध बनाना है। इसका उद्देश्य एक दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं को आत्मसात करना है। इसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के शासनादेश के तहत शरी और अर्ध शहरी वातावरण में संचालन करते समय एक साथ काम करने की क्षमता को बढ़ावा देना भी है।
- नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन के.बेरी ने अन्य सदस्यों की उपस्थिति में रिपोर्ट जारी की। यह रिपोर्ट मिलेट्स मूल्य श्रृंखला के विभिन्न पहलुओं खासतौर से उत्पादन, प्रसंस्करण और खपत में राज्य सरकारों और संगठनों द्वारा अपनाई गई अच्छी और नवीन प्रथाओं का संकलन हैं। यह रिपोर्ट हमारे आहार में मोटे अनाज की हिस्सेदारी बढ़ाने और उसे मुख्यधारा में लाने के लिए एक मार्ग दर्शक के रूप में काम करेगी।
- अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल के बीच एक ऐतिहासिक सौदे पर सहमति बन गई है। इस सौदे में दक्षिण कोरिया में अमेरिकी परमाणु सशस्त्र पनडुब्बियों को तैनात करने की योजना शामिल हैं। उत्तर कोरिया के साथ किसी भी संघर्ष में परमाणु हथियारों के उपयोग की योजना में सियोल को शामिल करने के लिए अमेरिका सहमत हो गया है। दक्षिण कोरिया अपने परमाणु हथियार विकसित नही करने पर सहमति हो गया है।
- पीएम मोदी ने 100 वॉट के 91 एफएम ट्रांसमीटरों का उद्घाटन किया। इससे देश में रेडियो कनेक्टिविटी का विस्तार होगा। इस विस्तार का प्रमुख उद्देश्य आकांक्षी जिलों और सीमावर्ती क्षेत्रों में कवरेज बढ़ाना है।
- भारतीय पेशेवर पर्वतारोही अर्जुन वाजपेयी नेपाल में स्थित दुनिया के 10वें सबसे ऊँचे पर्वत अन्नपूर्णा पर्वत पर चढ़ने वाले पहले भारतीय पुरूष बन गए हैं।
- शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक ने आर्या. एजी के साथ साझेदारी की

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. अंतर्राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 1 मई (B) 3 मई

(C) 4 मई (D) 5 मई

**(C)** हर साल 4 मई को विश्व स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस मनाया जाता है। इस दिन को वर्ष अग्निशामकों के बलिदानों को चिन्हित और उन्हें सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है जो समुदाय और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के यथासंभव प्रयास करते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य फायर फाइटरों को सम्मान और धन्यवाद देना है, जो अपनी जान दावं पर लगाकर लोगों और वन्य जीवों की जान आग से बचाते हैं।




**2. कोयला खनिक दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 4 मई (B) 5 मई

(C) 6 मई (D) 7 मई

**(A)** हर साल 4 मई को कोयला खनिको को सम्मानित करने के लिए कोयला खनिक दिवस मनाया जाता है। कोयला खनन जमीन से कोयला निकालने के लिए किया जाता है। कोयला खनन भारत के सबसे खतरनाक व्यवसायों में से एक है। कोयला खनिक वे पुरूष होते हैं जो जानते हैं कि दिन बीत जाने पर वे काम के बाद घर वापस नहीं लौट सकते है। फिर वे कोयले की खानों में भी चलते है और अपनी दैनिक मजदूरी कमाते हैं।



**3. आईआईटी बॉम्बे की SHUNYA ने सोलर डेकाथलॉन बिल्ड चैलेंज में कौनसा स्थान हासिल किया ?**

(A) पहला (B) दूसरा

(C) तीसरा (D) चौथा

**(B)** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे की शुन्या टीम ने सोलर डेकाथॉन बिल्ड चैलेंज में दूसरी पोजीशन हासिल की है। उन्होंने मुंबई के गर्म और आर्द्र जलवायु में होने वाले वायु प्रदूषण समस्याओं का समाधान करने के लिए शून्य ऊर्जा वाले घर का डिजाइन किया। शुन्या एक आईआईटी बॉम्बे के छात्रों का समूह है जो एक टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।




**4. हाल ही में किस राज्य में नए संरक्षण अभयारण्य, वन्यजीव संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा ?**

(A) राजस्थान (B) मध्यप्रदेश

(C) उत्तरप्रदेश (D) हरियाणा

**(A)** राजस्थान सरकार द्वारा तीन क्षेत्रों को संरक्षण भंडार के रूप में घोषित करने से राज्य में वन्यजीव संरक्षण के प्रयासों और इकोटूरिज्म के लिए आशा की किरण जागी है। राज्य सरकार ने तीन क्षेत्रों बारां, के सोरसन, जोधपुर के खिचन और भीलवाड़ा के हमीरगढ़ को संरक्षण भंडार घोषित किया है।



**5. हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट में 12000 रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज एशियाई बैट्समैन कौन बना है ?**

(A) सचिन तेंदुलकर (B) जावेद मियांदाद

(C) बाबर आजम (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पारियों के हिसाब से 12000 रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज एशियाई बल्लेबाज बन गए। उन्होंने यह मुकाम 277 पारियां खेल कर हासिल की। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 12000 रन बनाने का एशियाई रिकॉर्ड भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के नाम है।



**6. सिटी ब्यूटी कॉम्पिटिशन पोर्टल किसके द्वारा लॉन्च किया गया है ?**

(A) नीति आयोग
(B) नेशनल एसोसिएशन फॉर स्मार्ट डेवलपर्स और एग्रीगेटर्स
(C) सिटीज अलायन्स
(D) आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

**(D)** हाल ही में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने सिटी ब्यूटी कॉम्पिटिशन पोर्टल लॉन्च किया है। देशभर के शहरी स्थानीय निकाय एक ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सुंदर, अभिनव और समावेशी सार्वजनिक स्थान बनाने के लिये देशभर के शहरों और वार्डों द्वारा किये गए परिवर्तनकारी प्रयासों को पहचानना और प्रोत्साहित करना है।




**7. हाल ही में किस संस्थान ने साइबर सुरक्षा कौशल कार्यक्रम का शुभारंभ किया ?**

(A) IIT कानुपर
(B) IIT बेंगलुरू
(C) IIT हैदराबाद
(D) IIT मद्रास

**(A)** भारत सरकार ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से आईआईटी कानपुर का साइबर सुरक्षा प्रौद्योगिकी इनोवेशन हब ने राष्ट्रीय अंतराविषयीय साइबर फिजिकल सिस्टम मिशन के तहत साइबर सुरक्षा कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। यह स्किलिंग प्रोग्राम सुरक्षा को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए मॉडल, उपकरण और तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जो छात्रों को साइबर स्पेस और साइबर समस्याओं के टेक्नोलॉजिक मूल ज्ञान का अधिक समझ प्रदान करने का प्रयास करता है।




**8. हाल ही में सौराष्ट्र तमिल संगम प्रशस्ति पुस्तक का विमोचन किसने किया ?**

(A) नरेंद्र मोदी
(B) अमित शाह
(C) नरेंद्र तोमर
(D) एस जयशंकर

**(A)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सौराष्ट्र तमिल संगमम के समापन समारोह को संबोधित किया। साथ ही उन्होंने श्री सोमनाथ संस्कृत संगमप्रशस्ति पुस्तक का विमोचन किया। इस 10 दिवसीय संगमम में 3000 से अधिक लोग एक विशेष ट्रेन सौराष्ट्रियन तमिल से सोमनाथ आए थे।



**9. किस राज्य के कालेसर नेशनल पार्क में 10 साल बाद बाघ देखा गया ?**

(A) पंजाब
(B) तमिलनाडु
(C) हरियाणा
(D) छत्तीसगढ़

**(C)** हरियाणा के यमुनानगर जिले में स्थित कालेसर नेशनल पार्क में कैमरा ट्रैप में कैद बाघ की खोज के बाद वन्यजीव उत्साही और संरक्षणवादी रोमांचित हैं। एक सदी से अधिक समय के बाद हुई इस दुर्लभ घटना ने राज्य को गौरवान्वित किया है। हरियाणा के वन और वन्यजीव मंत्री कंवर पाल ने बाघ की दो तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि उसे 1913 के बाद पहली बार कलेसर क्षेत्र में देखा गया था।


Tiger spotted in Haryana's Kalesar National Park after 10 years

**10. हाल ही में फार्म मशीनरी प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किसने किया ?**

(A) नरेंद्र मोदी
(B) नरेंद्र तोमर
(C) पीयूष गोयल
(D) राजनाथ सिंह

**(B)** फार्म मशीनरी प्रौद्योगिकी पर शिखर सम्मेलन का तीसरा संस्करण नई दिल्ली में आयोजित किया गया। भारतीय उद्योग परिसंघ और ट्रैक्टर एंड मैकेनाइजेशन एसोसिएशन ने शिखर सम्मेलन का आयोजन किया। देश में लगभग 85% छोटे किसान है, जिन्हे तकनीक और मशीनरी का लाभ मिलना चाहिए।

